# बेटियां तकनीक की दिशा में आगे बढ़ रहीं

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता के अंतर्राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित



**भोपाल,12 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिवस विज्ञान में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने और इसे रेखांकित करने को समर्पित है। इस उद्देश्य से यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है और इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मैं स्वयं गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ।**

विश्व के सभी देशों की दृष्टि से यह दिन महत्वपूर्ण तो है ही परंतु भारत के संदर्भ में इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस की महत्ता और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि हमारी संस्कति में सदैव मातृ शक्ति को सम्मान दिया गया है। हमारे यहाँ ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी लक्ष्मी हैं तथा हम देश को भी भारत माता के स्वरूप में स्वीकार करते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता के अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश की प्रथम नागरिक महिला ही हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हैं। यह लोकतंत्र की सुंदरता है, और इस व्यवस्था से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हम सबके मन में सम्मान बढ़ा है। यह इस बात का भी संकेत है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए सभी पदों व संभावनाओं के लिए द्वार खुले हैं, वे आगे बढ़ने के लिए अपनी ओर से हरसंभव प्रयास करें, शासन और समाज उनके साथ है।

**महिला पॉलिटेक्निक में स्टूडेंट एडवांसमेंट कोर्स आरंभ-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं में सिंगल क्लिक से विभिन्न पाठ्यक्रमों व प्रशिक्षण सत्रों का डिजिटली शुभारंभ किया. इंडो जर्मन इनिशियेटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन अंतर्गत प्रदेश की सभी शासकीय आईटीआई में इंडस्ट्रियल सेफ्टी ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया. आईआईटी दिल्ली के सहयोग से ऑनलाईन मोड में ट्रेनिंग के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग के कोर्स और ब्लॉकचेन बिल्डर टेक्नोलॉजी कोर्स का उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में शुभारंभ किया.

### तकनीकी क्षेत्र में निपुण महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास जारी

अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास श्री मनु श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. प्रदेश में विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा (स्टेम) में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं. प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक और यूएन वूमेन के सहयोग से इस दिशा में विशेष प्रयाए हो रहे हैं।

### महिलाओं का किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीखो कमाओ योजना में आठ हजार चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 6 करोड़ 60 लाख रूपए स्टाइपेंड सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसटीईएम (साइंस, टेक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स) क्षेत्र में निपुण महिलाओं का सम्मान किया और रोजगार मेलों में चयनित महिला अभ्यर्थियों कुमारी महक शुक्रवारे, कुमारी रूबी सिंह यादव, कुमारी ऐश्वर्या तिवारी, कुमारी रागिनी रावत, कुमारी श्रद्धा कुशवाह, कुमारी आरती कुदापे आदि को ऑफर लेटर वितरित किए।

### जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयासरत हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 12 जनजातीय जिलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों की बहनों को सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विज्ञान के क्षेत्र में विशेष ध्यान देते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयासरत हैं। माताओं-बहनों की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है। बहन-बेटियों के विज्ञान, तकनीक और इंजीनियरिंग की दिशा में आगे बढ़ने से देश-प्रदेश की दशा और दिशा बदलेगी. हमारे सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज में समय की माँग और आवश्यकतानुसार विश्व स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे. उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है. जिसे यूनेस्को और द्वारा नागरिक समाज की साझेदारी के साथ समन्वित रूप से क्रियान्वित किया जाता है।

# वन अमले ने 40 नग सागौन की जब्त

## सागौन की कीमत करीब1 लाख 25 हजार



**बैरसिया, 12 फरवरी.** वन परिक्षेत्र नजीराबाद में वन अमला जंगल सुरक्षा के प्रति चौकस नजर आ रहा है. जहा वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव ने अमले को बीड वार जंगलों की सुरक्षा निगरानी हेतु कर्मचारियों को बदल बदल कर रात्रि गस्त में लगाया है. जिससे वनोपज की अवैध कटाई एव अतिक्रमण के अलावा वनजीवों के शिकार पर अंकुश लगा है.

इसी कड़ी में रविवार की बीती रात वन अमले ने रात्रि गस्त दौरान सिधौड़ा बीड के जंगल से एक बुलेरो पिकअप को जप्ती में लिया है. रेंजर श्रीवास्तव ने बताया कि लटेरी से सटे क्षेत्र सिधौड़ा बीड के जंगल में गश्ती अमले ने एक वुलेरो पिकअप एमपी -04 जीएफ- 8728 में लगभग 2 घन मीटर 40 नग सागौन की सिल्ली से भरी जप्ती में ली है. जबकि अंधेरे का फायदा उठा वाहन चालक सहित अन्य लोग वाहन छोड़ जंगल के रास्ते फरार हो गए. जप्त सागौन की कीमत 1 लाख 25 हजार के आसपास होगी. रेंजर दीपक श्रीवास्तव ने उक्त मामले वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दे. पिकअप के नम्बर के माध्यम से वाहन मालिक का पता लगाने की कार्यवाही की है. इधर सागौन जप्ती की कार्यवाही में सामिल डिप्टी रेंजर अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव एव राजाराम नेघी के साथ वन अमले की दो टीमें फरार आरोपियों की तलाश में छापामार कार्यवाही कर रही है।

> सिधौड़ा बीड लटेरी से लगी होने के कारण वहां के लकड़ी चोर इस रास्ते पूर्व में भी वनोपज का अवैध परिवहन करते पकड़े जा चुके है. ये आरोपी भी जल्द पकड़े जायेगे.
>
> **दीपक कुमार श्रीवास्तव**
> वन परिक्षेत्र अधिकारी नजीराबाद

### राजमाता की प्रतिमा का अनावरण करेंगे मोदी

**ग्वालियर, 12 फरवरी.** ग्वालियर के नए एयर टर्मिनल के शुभारंभ के दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा का भी अनावरण भी कराया जाएगा. इसके साथ ही पीएम मोदी ग्वालियर के नए एयर टर्मिनल का भी भ्रमण करेंगे जिसमें उन्हें आगमन और प्रस्थान के स्थल दिखाए जाएंगे.


**नाम परिवर्तन**

मेरे पूर्व पासपोर्ट में IMRAN UDDIN नाम है. मेरा पूरा नाम IMRAN UDDIN KHAN S/o IFTIKHAR UDDIN KHAN आयु व्यस्क निवासी ए-126 ए-सेक्टर नियर आर्च बिशॉप हॉउस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोह-इ-फ़िज़ा तहसील हुजूर, भोपाल म.प्र. है, कृप्या करके यही नाम पासपोर्ट मे अंकित किया जाए।

**क्लासीफाइड**

**किराए से देना है**- 3 मंजिला कमर्शियल मकान में अलग-अलग फ्लोर, प्लॉट साइज 20×50, महाकाली सोसायटी, पारस मैजेस्टिक रोड, औरा मॉल के पास.
**संपर्क**- 9826460095



**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति**
**बैरसिया, जिला - भोपाल (म.प्र.)**

क्र./मंडी/निर्माण/23-24/1162 बैरसिया, दिनांक : 12.02.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2024_MPSAM_332435_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 05.03.2024 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/113742/2024 **सचिव**


# समय रहते ख़राब हैंडपंप सुधारे जाए

## जनपद की साधारण सभा में अध्यक्ष ने दिए पेयजलापूर्ति के निर्देश




**बैरसिया, 12 फरवरी. जनपद पंचायत की साधारण सभा की बैठक सोमवार को जनपद के सभागार में आयोजित हुई. बैठक में आगामी समय मे पेयजल आपूर्ति का मुद्दा गरमाया.**

इस पर जनपद अध्यक्ष लता कुवेर सिह गुर्जर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि समय रहते ख़राब हैंडपंप सुधारे जाए.

ओर जिन पंचायतों में नल-जल योजनायें शुरू नहीं हो पाई उन गांवो में कार्य की गति बढ़ाई जाए. ताकि गर्मी के मौसम में जल संकट का सामना न करना पड़े. अध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने आगे कहा कि जिन गांवो में जल संकट के आसार है. उन्हें चिन्हित कर हैंडपंप खनन किए जाए. जहा कुछ सदस्यों ने खराव विद्युत ट्रांसफार्मर का मुद्दा उठाया.

जिस पर अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तुरंत ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिए. एव पूर्व बैठक के प्रस्तावों ओर क्षेत्र में विभिन्न विभागों के चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई. ओर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए. बैठक में सभापति लता कुबेर सिंह गुर्जर सचिव सीईओ दिलीप जैन सहित सभी जनपद सदस्य ओर समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी विभागीय कार्य योजनाओं का पुलंदा के साथ मौजूद रहे।

### उज्जैन में 1350 स्थानों पर छतों पर लगे सोलर पैनल

**उज्जैन, 12 फरवरी.** उज्जैन में भी अब सूर्य की रोशनी से बिजली का उपयोग करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. एक जानकारी के मुताबिक शहर में नौ सौ से ज्यादा छतों पर सोलर पैनल लग गए है और यह संख्या ओर बढ़ रही है. ग्रीन एनर्जी, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य में बगैर लागत ऊर्जा की प्राप्ति के लिए शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है. अब बिजली वितरण कंपनी क्षेत्र में सूरज से बिजली बनाने वालों की संख्या 11 हजार 300 के पार पहुंच गई है. सूरज की किरणों से बिजली बनाने के लिए नेट मीटर योजना में केंद्र शासन प्रति किलोवाट 18000 रु. अधिकतम तीन किलोवाट तक एवं इसके बाद अधिकतम 10 किलोवाट तक कुल 1.17 लाख की सब्सिडी दे रहा है.

# रेल्वे जीएम ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर, 12 फरवरी. उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल सोमवार को वार्षिक निरीक्षण पर ग्वालियर स्टेशन पहुंचे और यहां चल स्टेशन पुर्नविकास के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया.**

इससे पहले गत रोज डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था तथा उनके द्वारा साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय रेलवे प्रशासन के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये थे. इसलिये महाप्रबंधक गोयल को यहां की व्यवस्थाएं सुचारु दिखाई दीं. जबकि जहां पर खामियां थीं उस स्थान पर स्थानीय रेलवे प्रशासन जीएम को लेकर ही नहीं गया. उन्होंने स्थानीय रेलवे अधिकारियों को निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराये जाने के निर्देश दिये. उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक रविन्द्र गोयल सोमवार को ग्वालियर पहुंचे और यहां चल रहे स्टेशन पुर्नविकास के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने स्थानीय रेलवे अधिकारियों को कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये. स्टेशन पुर्नविकास निर्माण कार्यों के तहत प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर झांसी एंड पर पिछले काफी समय से काम चल रहा है. यह काम जीआरपी थाने से भी आगे तक हो गया है. अब आगे के काम में परेशानी को देखते हुए इसी प्लेटफॉर्म पर रैंप को पहले तोड़ा जाएगा जिससे काम की गति बढ सके.

# पूर्व विधायक भक्तपाल सिह के जन्मदिन पर दी बधाई



**बैरसिया, 12 फरवरी.** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक एव मां हरसिद्धि मंदिर न्यास: के अध्यक्ष भक्तपाल सिह राठौड़ का जन्मदिन रविवार को उनके शुभचिंतको द्वारा मधुरम गार्डन में धूमधाम से मनाया गया. पूर्व विधायक राठौड़ ने सुवह हरसिद्धि मंदिर तरावली पहुच मां हरसिद्धि की पूजा अर्चना कर पुजारी गुलाव गिरी महाराज का आशीर्वाद लिया ततपश्चात उनका काफला मधुरम पैलेस पहुचा जहा मौजूद सैकड़ो समर्थको ने राठौड़ को शाल साफा बांध केक कटवा पुष्पमालाएं पहिना जन्मोत्सव की बधाइयां दी और उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घ आयु की कामना की. इस अवसर पर पूर्व विधायक व्रहानन्द रत्नाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नवरंग सिह गुर्जर वरिष्ठ भाजपा नेता राजमल गुप्ता पूर्व नपा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन नपा अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिह राठौड़ हिम्मत सिह गोयल जसवंत सिंह सौलंकी वरिष्ठ गल्ला व्यापारी लालाराम साहू ओम प्रकाश साहू ( ओमी भैया ) रमेश साहू वीरसिंह बघेल गिरजेंद्र सोनी श्याम चौकसे रमेश सोनी पूर्व नपा उपाध्यक्ष बलराम रत्नाकर पत्रकार राधेश्याम शर्मा जितेंद सेन मुकेश सोनी पंकज गट्ठानी भाजपा नेत्री जया दिनेश साहू पार्षद चंचल खत्री टिक्कू जैन रज्जू लाल कुशवाह नीरज नामदेव साहू समाज अध्यक्ष जितेंद साहू हिउस अध्यक्ष शिवमं रत्नाकर गजराज सिह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में पंच - सरपंच / जनपद / जिला सदस्य पार्षदगण ओर भाजपा नेता कार्यकर्ता एव सामाजिक धार्मिक संथाओ के प्रमुखजन मौजूद थे।


**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**ELECTRICAL DEPARTMENT**

**Re-Tender Notice :- 142/2024**

Online tenders through E-Tendering system is invited for Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Decorative Pole at Rankala Lake Kolhapur in kolhapur city. The tender can be downloaded from the e-tendering website https://mahatenders.gov.in. Date of tender submission from Dt 13/02/2024 12.00 PM to 27/02/2024 at 3.30 PM. Pre-bid Meeting Dt. 20/02/2024 at 11.30 AM. (Add. Commissioner-I office) Tender Opening Dt. 01/03/2024 at 4.00 PM.

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation



**GTV ENGINEERING LIMITED**
CIN: L31102MP1990PLC006122
Regd. Office: 216-218, New Industrial Area-II, Mandideep-462046(MP)

**Extracts of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 31st December, 2023**

(Rs.in lakhs except EPS data).

| Particulars | Quarter Ended on 31.12.2023 | Year to date Figures Ended on 31.12.2023 | Corresponding 3 months ended in the previous year on 31.12.2022 |
|---|---|---|---|
| | (Un-Audited) | (Un-Audited) | (Un-Audited) |
| Total income from operations(net) | 2505.58 | 8854.93 | 2039.65 |
| Net Profit/(Loss) from ordinary activities after tax | 169.58 | 307.93 | 31.25 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after extraordinary items). | 169.58 | 307.93 | 31.25 |
| Equity Share Capital | 312.38 | 312.38 | 312.38 |
| Reserve (excluding Revaluation Reserve as shown in Balance Sheet of the Previous Year) | 2784.47 | 2784.47 | 2374.58 |
| Earning Per Shares (Before Extraordinary items) (Of Rs.10/-each) Basic: | 5.43 | 9.86 | 1.04 |
| Diluted: | 5.43 | 9.86 | 1.04 |
| Earning Per Share (After extraordinary items)(of Rs.10/-each) Basic: | 5.43 | 9.86 | 1.04 |
| Diluted: | 5.43 | 9.86 | 1.04 |

1. The above is an extract of details format of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended 31st December, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Result for the Quarter Ended 31st December, 2023 are available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.gtv.co.in).
2. The details of Unaudited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and approve by the Board in their respective meeting held on 12.02.2024.

Place: Mandideep (Bhopal)
Date: 12.02.2024

For and on behalf of Board
For GTV Engineering Limited
Mahesh Agrawal (Managing Director)



**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी. नगर भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 0735/अ-6/23-24

**इश्तहार**

आवेदिका श्रीमती संध्या साबू पत्नी श्री प्रभात कुमार साबू निवासी 162, नियर मौलाना आजाद स्कूल, ईदगाह हिल्स भोपाल द्वारा ग्राम सेवनिया गौड़ स्थित भूमि ख.क्र. 11/25 का अंश भाग क्षेत्रफल 0.0625 हेक्टेयर का वसीयत के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस उद्घोषणा के जारी होने के 10 दिवस में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें. निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा.

**आज दिनांक 5/2/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया.**

सील

**तहसीलदार**
**टी.टी. नगर वृत्त भोपाल**

RN-50982



**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय संचालक वाष्पयंत्र, मध्यप्रदेश**
क्वार्टर नंबर 3 एवं 4 टाईप-IV, बी सेक्टर, पिपलानी, भेल टाउनशिप
भोपाल- 0755- 2757384, 2502528

संवा/लेखा/वाहन/407/2024 भोपाल, दिनांक 06.02.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय संचालक वाष्पयंत्र, म.प्र. भोपाल हेतु वाहन (कार) किराये पर लेने हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदाएं दिनांक 18.03.2024 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं. निविदा हेतु शर्ते निम्नानुसार हैं-

1. वाहन का मॉडल 2024 का होना चाहिए.
2. वाहन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में टैक्सी कोटे में पंजीयन होना अनिवार्य है.
3. वाहन परिवहन विभाग से पंजीकृत टैक्सी परमिट के रूप में अधिकृत बीमा कम्पनी से बीमित होना चाहिए.
4. वाहन की कीमत 8.00 लाख (Ex Show room price) से अधिक नहीं हो.
5. निविदा प्रस्तुत करने वाली संस्था गुड्स सर्विस टैक्स (त.र.ज्ञ.) हेतु संबंधित कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए.
6. वाहन न्यूनतम 1000 किलो मीटर प्रतिमाह एवं न्यूनतम 12 घंटे प्रतिदिन हेतु निर्धारित शुल्क (Fixed Charge) तथा 1000 किलोमीटर से अधिक की दशा में प्रति किलोमीटर की दर से वेरियेबल चार्जेस की दरें पृथक-पृथक दर्शाना आवश्यक है. प्रस्तावित दरें निविदा स्वीकृति दिनांक से 03 वर्ष के लिए मान्य रहेंगी.
7. वाहन मालिक को म.प्र. शासन वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-11-16/2012/नियम/चार दिनांक 6.10.12 के मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन अनिवार्य रहेगा.
8. निविदा फार्म के लिए रु. 100/- (रु. एक सौ मात्र) निम्न लेखाशीर्ष में ई-चालान द्वारा जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत कर निर्धारित फार्म कार्यालय संचालक वाष्पयंत्र भोपाल से कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर डाक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है. लेखाशीर्ष- 0230- श्रम तथा रोजगार 103 भाप बॉयलरों के लिए निरीक्षण शुल्क (राज्य)
9. कार्यालय में निविदाएं दिनांक 18.03.2024 को सायं 05.00 बजे तक ही स्वीकार की जावेंगी तथा अगले कार्य दिवस को सुबह 11.30 बजे पर खोली जावेंगी.
10. प्राप्त निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार संचालक वाष्पयंत्र को रहेगा.

**संचालक वाष्पयंत्र**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

जी- 24085/23



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक-2, भोपाल**

निविदा सूचना 38 वर्ष 2023-24 भोपाल, दिनांक 08.02.2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_PWDRB_331349_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु बेरिकेटिंग का कार्य. | प्रथम | 40.00 |
| 2. | 2024_PWDRB_331350_1 | जेल उपसंभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत कार्य. | प्रथम | 40.00 |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 27.02.2024 जा सकता है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा.

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक-2 भोपाल**

जी- 24106/23



MANAPPURAM HOME FINANCE LTD.

**मणप्पुरम होम फाइनेंस लिमिटेड**
पूर्व में मणप्पुरम होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
CIN: U65923K12010PIC039179
रजि. आफिस: IV-470A (पुराना) W/638A(नया) मणप्पुरम हाउस, वालापडा त्रिस्सरु, केरला 680567
कार्पोरेट आफिस : मणपुप्रम होम फाइनेंस लिमिटेड, तीसरी मंजिल, यूनिट 301-315, ए विंग, कनकिया वॉल स्ट्रीट, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093, महाराष्ट्र, फोन नं. नंबर- 022- 68194000 Website : www.manappuramhomefin.com

**कब्जे की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी मणप्पुरम होम फाइनेंस लिमिटेड (महोफिन) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन के तहत * [अधिनियम], 2002 (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज 60 दिन के भीतर चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से. उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा लिया है. उक्त * [अधिनियम] उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित. विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन मणप्पुरम होम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा जैसा कि प्रत्येक संबंधित संपत्ति के लिए नीचे उल्लिखित है-

| क्र. | देनदार/सह देनदार का नाम लोन एकाउंट नं./ब्रांच | सुरक्षित संपत्ति का विवरण जिसके संदर्भ में ब्याज निर्मित है | डिमांड नोटिस प्रेषित की तिथि व बकाया राशि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूनम चडार हिमांशु चडार/ MHL00990002909/ सागर | पी.एच. क्रमांक 44, खसरा क्रमांक 791, 3420122021176348O निवासी ग्राम पीपरा, तेह. रहरागढ़, नरयावली रोड के पास, पी.ओ. पीपरा, सागर, मध्य प्रदेश, पिन- 470115 | 22.11.2023 व रु. 1,83,663/- | 08.02.2024 |

दिनांक- 13 फरवरी 2024
स्थान- मध्यप्रदेश

हस्ता./- प्रा. अधिकारी
मणप्पुरम होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड